सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 11.08.2024

टप्पेबाजी करने वाली 02 अभियुक्ता एवं 01 अभियुक्त सहित कुल 03 अभियुक्तगण इटावा पुलिस द्वारा किये गये गिरफ्तार,

कब्जे से टप्पेबाजी कर अर्जित किये गये कुल 50,000/- रुपये किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना इकदिल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 10.08.24 को वादी मेघ सिंह राजपूत पुत्र महावीर सिंह निवासी नगल जैक थाना इकदिल जनपद इटावा द्वारा थाना इकदिल पर सूचना दी गयी कि वादी की ईश्वरीपुर चौराहे पर सोने चांदी के आभूषणों की दुकान है। **दिनांक 09.08.24 को दोपहर समय करीब 03:00 बजे** 01 महिला दुकान पर आयी और बच्चों की फीस जमा करने का बहाना बनाकर वादी से 50,000/- रुपये ले गयी एवं उन पैसो के बदले सोने जैसी दिखने वाली चेन को उसके पास रख गयी। कुछ समय बाद चेन की जांच करने पर वह चेन नकली सोने की पायी गयी। वादी के साथ उक्त महिला एवं उसके 02 साथियों द्वारा धोखाधड़ी की गयी। सूचना पर तत्काल थाना इकदिल पर **मु0अ0सं0 202/24 धारा 318(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी व टप्पेबाजी की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 11.08.24 को थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मानिकपुर मोड़ पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित टप्पेबाजी करने वाले **अभियुक्त संदीप पुत्र राजवीर व 02 अभियुक्ता को ग्वालियर वाईपास पर चोरवरी को जाने वाले तिराहे से समय 13:18 बजे गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. संदीप पुत्र राजवीर सिंह निवासी- भिटारा थाना किशनी जिला मैनपुरी **उम्र करीब 25 वर्ष।**
2. 02 अभियुक्ता ।

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 202/2024 धारा 318(2) बीएनएस थाना इकदिल जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. **50,000/- रुपये नकद।**
2. **01 झुमकी (नकली सोने की)**
3. **01 चैन (नकली सोने की)**

पुलिस टीम- निरी0 श्री भीमसेन पौनिया प्रभारी थाना इकदिल इटावा, उ0नि0 करनवीर सिंह, का0 अजय सिंह, का0 नितिन कुमार, म0का0 पूजा शर्मा, म0का0 सोनिया तिवारी।